रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

सत्यमेव जयते

Test Date	08/10/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 यदि k का 20%, 25 के 3600% से 10 कम है, तो k ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4410 B). 4430 C). 4450 D). 4490

Correct Answer: C

Q.2 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 10% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 3 वर्ष के लिए निवेश करता है। 3 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 75750 B). 17250 C). 18250 D). 74750

Correct Answer: D

Q.3 किसी शहर की जनसंख्या में पहले वर्ष में 15% की कमी होती है और दूसरे वर्ष में 10% की कमी होती है। तीसरे और चौथे वर्ष में, नए विकास के कारण जनसंख्या में प्रति वर्ष y% की नियत दर से वृद्धि होती है। यदि चार वर्षों के अंत में शहर की जनसंख्या अपनी मूल जनसंख्या का 92.565% है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 5 B). 15 C). 20 D). 10

Correct Answer: D

Q.4 एक फुटकर विक्रेता ₹25,000 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु पर क्रमशः 10%, 15% और 20% की तीन क्रमिक छूट प्रदान करता है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹15,300 B). ₹18,500 C). ₹12,500 D). ₹16,400

Correct Answer: A

Q.5 यदि दो समांतर रेखाओं को एक तिर्यक रेखा काटती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

Ans A). एकांतर अंतः कोणों का अंतर 60° होता है B). एकांतर अंतः कोण सदैव पूरक होते हैं C). एकांतर अंतः कोण सर्वांगसम होते हैं D). एकांतर अंतः कोण सदैव संपूरक होते हैं

Correct Answer: C

Q.6 स्टेन और बेनेडिक्ट की वर्तमान आयु का योगफल 41 वर्ष है। चार वर्ष पहले, बेनेडिक्ट की आयु उस समय स्टेन की आयु की आधी थी। स्टेन की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?

Ans A). 26 B). 30 C). 33 D). 36

Correct Answer: A

Q.7 मार्च महीने में शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 125 है। रविवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 116 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को आता है और पूरे महीने के लिए प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 174 है, तो शनिवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री कितनी होगी?

Ans A). 433 B). 441 C). 431 D). 436

Correct Answer: D

Q.8 A किसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकता है तथा B उसी कार्य को 18 दिन में पूरा कर सकता है। वे दोनों एकसाथ कार्य करना आरंभ करते हैं। 4 दिन पश्चात, A कार्य करना छोड़ देता है। शेष कार्य को B कितने अतिरिक्त दिनों में पूरा करेगा?

Ans A). 9 B). 6 C). 4 D). 8

Correct Answer: D

Q.9 नेहा 10% वार्षिक ब्याज दर पर ₹10,000 का ऋण लेती है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। यदि उसे कुल ₹11,025 की राशि चुकानी है, तो उसने कितने समय के लिए ऋण लिया था?

Ans A). 2 वर्ष B). 6 महीने C). 1 वर्ष D). 1.5 वर्ष

Correct Answer: C

Q.10 किसी बंटन का माध्य 72 है और माध्य, बहुलक से 12 अधिक है। इस बंटन में, (माध्य - माधिका) का मान, (माध्य - बहुलक) के मान का $\frac{1}{3}$ है। माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans A). 68 B). 70 C). 66 D). 72

Correct Answer: A

Q.11 2340 m की वृत्ताकार दौड़ में, सिद्धार्थ 30 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है, और यश 60 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे समान दिशा में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर वे कितने अलग-अलग मिलन बिंदु होंगे?

Ans A). 3 B). 4 C). 2 D). 1

Correct Answer: D

Q.12 8 cm × 6 cm × 4 cm विमाओं वाले एक घनाभ से 2 cm भुजा वाले कितने घन काटकर प्राप्त किए जा सकते हैं?

Ans A). 30 B). 26 C). 22 D). 24

Correct Answer: D

Q.13 दो पाइप X और Y क्रमशः $5\frac{1}{3}$ घंटे और 24 घंटे में एक टंकी को पानी से भर सकते हैं और एक तीसरा पाइप Z इसे 8 घंटे में खाली कर सकता है। यदि पाइप X और Y को क्रमशः 11:30 a.m. पर और 12:30 p.m. पर खोला जाए, जबकि पाइप Z को 1:30 p.m. पर खोला जाए, तो टंकी किस समय भर जाएगी?

Ans A). 7:06 p.m. B). 6:46 p.m. C). 6:36 p.m. D). 6:56 p.m.

Correct Answer: A

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 11 से विभाज्य है?

Ans A). 2356 B). 2880 C). 2728 D). 2143

Correct Answer: C

Q.15 रोहित ने ₹30,000 में एक लैपटॉप खरीदा। उसने इसे अमन को 20% लाभ पर बेच दिया। अमन ने इसे सुरेश को 10% हानि पर बेच दिया। सुरेश ने लैपटॉप किस मूल्य पर खरीदा?

Ans A). ₹31,600 B). ₹33,500 C). ₹30,000 D). ₹32,400

Correct Answer: D

Q.16 A एक अभाज्य संख्या है। दिया गया है, कि LCM (A, 30) = 210 है। A का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 8 B). 10 C). 7 D). 9

Correct Answer: C

Q.17 यदि $\sin^4 x - \cos^4 x = \frac{1}{5}$ है, तो $2\sin^2 x - 1$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{1}{3}$ B). $\frac{1}{2}$ C). $\frac{1}{5}$ D). $\frac{1}{4}$

Correct Answer: C

Q.18 AB, CD के समानांतर है। एक तिर्यक् छेदी रेखा PQ, AB और CD को क्रमशः E और F पर प्रतिच्छेद करती है, और ∠PEB = 75° है। G, AB और CD के बीच एक बिंदु इस प्रकार है कि ∠BEG = 45° और ∠GFE = 19° है। ∠EGF की माप ज्ञात कीजिए।

Ans A). 104° B). 101° C). 102° D). 110°

Correct Answer: B

Q.19 एक मिश्रण में दो प्रकार के विलयन P और Q का अनुपात 4 : 5 हैं। यदि मिश्रण में 10 लीटर विलयन P और 11 लीटर विलयन Q मिलाया जाता है, तो अनुपात 5 : 6 हो जाता है। निम्नलिखित विकल्पों में से सही कथन का चयन कीजिए।

Ans A). मिलाने के पश्चात विलयन P की मात्रा 35 लीटर है B). विलयन Q की प्रारंभिक मात्रा 25 लीटर है C). मिलाने के पश्चात मिश्रण की कुल मात्रा 77 लीटर है D). मिश्रण की कुल प्रारंभिक मात्रा 54 लीटर है

Correct Answer: B

Q.20 एक आंकड़ा समुच्चय का बहुलक 25 है। निम्नलिखित आंकड़ा समुच्चयों में से किसमें 25 अद्वितीय बहुलक के रूप में है?

Ans A). 20, 22, 25, 25, 27, 27, 30, 30, 32 B). 18, 20, 22, 25, 25, 28, 30, 30, 32 C). 15, 25, 25, 25, 28, 28, 30, 32, 35 D). 18, 20, 22, 24, 26, 28, 30, 32, 34

Correct Answer: C

Q.21 तीन संख्याओं का अनुपात 2 : 3 : 5 है और उनका योगफल 200 है। उनमें से सबसे बड़ी संख्या का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 80 B). 120 C). 100 D). 90

Correct Answer: C

Q.22 रोहित 30 km की यात्रा 60 km/hr की चाल से, अगले 40 km की यात्रा 80 km/hr की चाल से और अंतिम 30 km की यात्रा 30 km/hr की चाल से तय करता है। संपूर्ण यात्रा के दौरान औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 50 km/hr B). 55 km/hr C). 52 km/hr D). 48 km/hr

Correct Answer: A

Q.23 राहुल ₹2,100 में एक कलाई-घड़ी बेचता है जिससे उसे 25% की हानि होती है। 30% का लाभ अर्जित करने के लिए राहुल को इसे किस मूल्य पर बेचना चाहिए?

Ans A). ₹3,640 B). ₹3,240 C). ₹3,040 D). ₹3,540

Correct Answer: A

Q.24 रेणु की वर्तमान आयु का 2 गुना, मानव की वर्तमान आयु के 4 गुने से 14 वर्ष अधिक है, तथा मानव की वर्तमान आयु का 5 गुना, रेणु की वर्तमान आयु के 2 गुने से 9 वर्ष कम है। रेणु तथा मानव की वर्तमान आयु का योगफल (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 22 B). 20 C). 27 D). 18

Correct Answer: A

Q.25 किसी लंब वृत्तीय शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल $3960\ cm^2$ है । यदि शंकु की ऊँचाई $9\sqrt{39}\ cm$ और इसकी तिर्यक ऊँचाई $60\ cm$ है, तो शंकु का आयतन कितना होगा?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). $4112\sqrt{39}\ cm^3$ B). $4158\sqrt{39}\ cm^3$ C). $4134\sqrt{39}\ cm^3$ D). $4194\sqrt{39}\ cm^3$

Correct Answer: B

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाना है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्याओं/प्रतीकों के लिए कूट का सीधे उसी तरीके से अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 3 + % 8 $ 1 ^ 6 = 5

कूट Q T W B D G J M P S

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहला और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।

(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को तीसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

1 % 5 + 6

Ans A). © W S T © B). G S S T © C). G W S T M D). © W W T M

Correct Answer: A

Q.27 रीक बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और उत्तर की ओर 18 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km चलता है, फिर वह दाएं मुड़ता है और 23 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 14 km चलता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है और 5 km चलकर बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 5 km, पूर्व की ओर B). 7 km, पश्चिम की ओर C). 8 km, उत्तर की ओर D). 4 km, दक्षिण की ओर

Correct Answer: A

Q.28 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 113 का संबंध 138 से है। उसी तर्क के अनुसार, 146 का संबंध 171 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 153 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 164 B). 194 C). 186 D). 178

Correct Answer: D

Q.29 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

91 D 7 A 6 C 5 B 17 = ?

Ans A). 26 B). 28 C). 24 D). 22

Correct Answer: A

Q.30 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से RTNG का संबंध WQSD से है। उसी तरह, BNXA का संबंध GKCX से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से LHHU का संबंध किससे है?

Ans A). RFNQ B). PFLR C). PDMS D). QEMR

Correct Answer: D

Q.31 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). YXS B). WUQ C). DBX D). XVR

Correct Answer: A

Q.32 शब्द COLLEGE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और इसके प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं से दूसरे स्थान पर होगा?

Ans A). E B). H C). F D). G

Correct Answer: C

Q.33 इस प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न: L, M, N, O और P में से दूसरा सबसे लंबा कौन है?
(I) M, L और N से लंबा है, लेकिन O से छोटा है।
(II) P, O से लंबा है।

Ans A). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

B). प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।

C). कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

D). कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: B

Q.34 A, B, C, D, E, F और G उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, G के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, G के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। C और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). दो B). तीन C). तीन से अधिक D). एक

Correct Answer: C

Q.35 यदि PROBLEM शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). एक B). दो C). एक भी नहीं D). तीन

Correct Answer: C

Q.36 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

5 वृक्षों H, K, T, W और X में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा वृक्ष सबसे लंबा है?
(I) T केवल दो वृक्षों से छोटा है। X, T से लंबा है।
(II) W, X से लंबा है।

Ans A). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

B). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

C). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

D). कथन I और II दोनों एक साथ (और न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Correct Answer: D

Q.37 P, Q, R, S, T, U और V एक ही इमारत के सात अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 7 है। T और V के बीच केवल चार व्यक्ति रहते हैं। T किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है। V और R के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। S, Q के ठीक नीचे विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है। P किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। U किस क्रमांक वाले तल पर रहता है?

Ans A). 1 B). 4 C). 5 D). 3

Correct Answer: A

Q.38 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक रखा गया है, परंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। B और A के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। B के ऊपर केवल F को रखा गया है। G और C के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। D को E के ठीक ऊपर रखा गया है। C को D के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। E के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans A). 4 B). 3 C). 2 D). 1

Correct Answer: C

Q.39 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

3 3 6 18 72 ?

Ans A). 360 B). 368 C). 272 D). 256

Correct Answer: A

Q.40 D, H का पिता है। H, C का भाई है। Y, T का पिता है। T, C का पुत्र है। D का Y से क्या संबंध है?

Ans A). पिता B). पत्नी का भाई C). पत्नी का पिता D). भाई

Correct Answer: C

Q.41 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'SALT' को '1739' और 'TALK' को '7159' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'K' का कूट क्या होगा?

Ans A). 9 B). 3 C). 5 D). 7

Correct Answer: C

Q.42 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). MO - CT B). YC - OF C). DH - TK D). OS - EV

Correct Answer: A

Q.43 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के दो सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
WYC–DFJ
GIM–NPT

Ans A). VXB–BEH B). VWZ–CEI C). VWZ–BDH D). VXB–CEI

Correct Answer: D

Q.44 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) H B G V I Z O R F D W O U T D S W Q A L M F T (दाएं)
इस शृंखला में दाएं छोर से छठे अक्षर और बाएं छोर से चौथे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). छह B). पांच C). तीन D). चार

Correct Answer: D

Q.45 यदि ' + ' और ' ÷ ' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा ' - ' और ' x ' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

168 + 42 x 14 - 9 ÷ 207 = ?

Ans A). 72 B). 77 C). 81 D). 85

Correct Answer: D

Q.46 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) F & I T @ J Y C * A # U K L P $ B M (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है लेकिन ठीक बाद में कोई व्यंजन नहीं है?

Ans A). एक भी नहीं B). दो C). तीन D). एक

Correct Answer: D

Q.47 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ACE, BDF, CEG, DFH, ?

Ans A). EFI B). FHI C). EHG D). EGI

Correct Answer: D

Q.48 यदि '+' और '-' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
38 × 19 ÷ 4 - 48 + 31 = ?

Ans A). 23 B). 27 C). 26 D). 25

Correct Answer: D

Q.49 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 14 21 28 35 ?

Ans A). 43 B). 40 C). 41 D). 42

Correct Answer: D

Q.50 एक निश्चित कूट भाषा में, 'base wet ivy' को 'cg au zm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'child base data' को 'au jl gs' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'base' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). jl B). zm C). au D). cg

Correct Answer: C

Section : **General Science**

Q.51 एक चिकित्सक दो रोगियों का निर्धारण कर रहा है जिसमें से एक उच्च प्रकुंचन रक्तदाब वाला और दूसरा उच्च अनुशिथिलन रक्तदाब वाला है। यदि इन स्थितियों का उपचार नहीं किया जाता है, तो सबसे संभावित परिणाम क्या है?

Ans A). केवल उच्च-प्रकुंचन वाले रोगी को वृक्क की समस्या होगी B). दोनों को वाहिका और हृदय क्षति का जोखिम है C). रक्तदाब अपने आप सामान्य हो जाएगा D). केवल उच्च-अनुशिथिलन वाले रोगी को शिरोवेदना होगी

Correct Answer: B

Q.52 6 kg द्रव्यमान वाली किसी गाड़ी पर एक ही समय में 8 N का अग्रगामी बल और 5 N का पश्चगामी बल लगाया जाता है। इसके नेट त्वरण का परिमाण कितना होगा?

Ans A). 1.3 m/s^2 B). 2.2 m/s^2 C). 0.5 m/s^2 D). 0.8 m/s^2

Correct Answer: C

Q.53 अधिकांश स्तनधारियों में विकसित होते भ्रूण को अपना पोषण कहाँ से प्राप्त होता है?

Ans A). अंड पीतक (Egg yolk) B). परिवेशी जल (Surrounding water) C). अंड कवच (Egg shell) D). माता के शरीर से (Mother's body)

Correct Answer: D

Q.54 एक विद्यार्थी निम्नलिखित लवणों: $NaCl$, NH_4Cl, Na_2CO_3, CH_3COONa का विलयन तैयार करता है। वह प्रेक्षित करता है कि उनमें से दो का pH > 7 है। ऐसे कौन-से दो लवण हैं?

Ans A). Na_2CO_3 और CH_3COONa B). $NaCl$ और Na_2CO_3 C). $NaCl$ और NH_4Cl D). NH_4Cl और CH_3COONa

Correct Answer: A

Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, शर्करा के जल में विलीन होकर विलयन बनाने के कारण का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). जल, मिश्रण के दौरान शर्करा को रासायनिक रूप से एक नए पदार्थ में परिवर्तित कर देता है।

B). पर्याप्त मात्रा में जल मौजूद होने पर शर्करा तली में बैठ जाती है और वहीं बनी रहती है।

C). शर्करा के अणु, जल के अणुओं के साथ अन्योन्यक्रिया करते हैं, जिससे वे पृथक होकर समान रूप से फैल जाते हैं।

D). शर्करा जल में एक निलंबन बनाती है, जो अविलीन रहती है परंतु दृश्य होती है।

Correct Answer: C

Q.56 चिह्न परिपाटी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा, अवतल दर्पण के लिए वक्रता त्रिज्या के चिह्न का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). शून्य B). निर्धारित नहीं C). ऋणात्मक D). धनात्मक

Correct Answer: C

Q.57 एक प्रयोगशाला तकनीशियन को अमोनियम क्लोराइड, रेत और लवण युक्त मिश्रण को पृथक करना है। इस विषमांगी मिश्रण से शुद्ध अमोनियम क्लोराइड प्राप्त करने के लिए विधियों के किस अनुक्रम का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans A). निस्यंदन करना और उसके बाद चुंबकीय पृथक्करण करना B). मिश्रण को जल में विलीन करना, निस्यंद करना, तत्पश्चात जल को वाष्पीकृत करना

C). अमोनियम क्लोराइड का तापन करके ऊर्ध्वपातित करना, तत्पश्चात वाष्प को संघनित करना

D). जल मिलाना, रेत को हटाने करने के लिए निस्यंद करना, तत्पश्चात वर्णलेखिकी का उपयोग करना

Correct Answer: C

Q.58 निम्नलिखित में से कौन-सी, संतृप्त कार्बन यौगिक की एक विशेषता है?

Ans A). इसमें कार्बन परमाणुओं के बीच केवल द्वि-आबंध होते हैं B). इसमें कार्बन परमाणुओं के बीच एकल और त्रि-आबंध दोनों होते हैं

C). इसमें कार्बन परमाणुओं के बीच एकांतर एकल और द्वि-आबंध होते हैं D). इसमें कार्बन परमाणुओं के बीच केवल एकल आबंध होते हैं

Correct Answer: D

Q.59 एकसमान त्वरण के लिए वेग-समय ग्राफ के अंतर्गत क्षेत्र, _____ की आकृति के समान होता है।

Ans A). केवल त्रिभुज B). केवल आयत C). समलंब चतुर्भुज या त्रिभुज D). वृत्त

Correct Answer: C

Q.60 निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति, वास्तविक जीवन में अवश्रव्य (infrasonic) तरंगों के उपयोग को सर्वोत्तम रूप से दर्शाती है?

Ans A). अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड इमेजिंग B). रास्ता खोजने के लिए चमगादड़ों द्वारा ध्वनि का उपयोग C). व्यक्तियों का आपस में बातचीत करना

D). भूकंपी तरंगों का उपयोग करके भूकंप की निगरानी

Correct Answer: D

Q.61 अम्लों के संदर्भ में, विलयन में उनके अम्लीय व्यवहार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा आयन उत्तरदायी है?

Ans A). कार्बोनेट आयन B). सल्फेट आयन C). हाइड्रॉक्सिल आयन D). हाइड्रोजन आयन

Correct Answer: D

Q.62 एक इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान लगभग _____होता है।

Ans A). प्रोटॉन का दोगुना B). प्रोटॉन की तुलना में नगण्य C). न्यूट्रॉन के समान D). प्रोटॉन के बराबर

Correct Answer: B

Q.63 स्त्रियों में आर्तव चक्र की सामान्य अवधि निम्नलिखित में से कितनी होती है?

Ans A). लगभग 14 दिन B). लगभग 28 दिन C). लगभग 7 दिन D). लगभग 60 दिन

Correct Answer: B

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया, प्रत्यक्ष रूप से वायुमंडल में ऑक्सीजन के विमोचन (release) में योगदान करती है?

Ans A). जंतुओं और पौधों द्वारा श्वसन B). जीवाश्म ईंधनों का दहन C). कार्बनिक पदार्थों का अपघटन D). पादपों और शैवाल द्वारा प्रकाश संश्लेषण

Correct Answer: D

Q.65 एक विद्यालय के ऑडिटोरियम की दीवारें मोटे पर्दों से ढकी हैं। जब कोई विद्यार्थी चिल्लाता है, तो बिना पर्दे के कंक्रीट दीवारों वाले समरूप ऑडिटोरियम की तुलना में अत्यधिक कम प्रतिध्वनि सुनाई देती है। पर्दे का कौन-सा गुण, मुख्य रूप से इस प्रेक्षण की व्याख्या करता है?

Ans A). पर्दे, परावर्तित ध्वनि के तारत्व को परिवर्तित कर देते हैं B). पर्दे, ऑडिटोरियम में ध्वनि की चाल में वृद्धि कर देते हैं

C). पर्दे अधिकांश ध्वनि ऊर्जा अवशोषित कर लेते हैं, जिससे परावर्तन कम होता है D). पर्दे, ध्वनि को स्रोत की ओर वापस परावर्तित होने की मात्रा को बढ़ाते हैं।

Correct Answer: C

Q.66 कोई पिंड एकसमान चाल से गतिमान है और इसका दूरी-समय ग्राफ (0 s, 0 m) से (15 s, 45 m) तक एक सीधी रेखा है। यदि पिंड समान दर से गतिमान रहे, तो वह 20 s में कितनी दूरी तय करेगा?

Ans A). 60 m B). 65 m C). 50 m D). 75 m

Correct Answer: A

Q.67 एक लड़का खेलते समय नीचे गिर गया और उसके घुटने में गंभीर चोट लग गई, जिससे उसके लिए चलना कठिन हो गया। इस चोट में किन दो संयोजी ऊतकों के शामिल होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans A). एरियोली ऊतक और उपास्थि B). वसामय ऊतक और अस्थि C). कंडरा और रक्त D). स्नायु और उपास्थि

Correct Answer: D

Q.68 एक विद्यार्थी एक वस्तु को 10 cm फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस के सामने 30 cm की दूरी पर रखता है। लेंस सूत्र का उपयोग करते हुए कौन-सा मान, लेंस द्वारा निर्मित प्रतिबिंब की दूरी को सही तरीके से दर्शाता है?

Ans A). वस्तु की ओर 20 cm की दूरी पर B). वस्तु के विपरीत ओर -10 cm की दूरी पर C). वस्तु की ओर 10 cm की दूरी पर D). वस्तु के विपरीत ओर 15 cm की दूरी पर

Correct Answer: D

Q.69 द्विनाम पद्धति, वैज्ञानिकों की जैव विविधता अनुसंधान पर अंतरराष्ट्रीय रूप से सहयोग करते समय किस प्रकार सहायता करती है?

Ans A). यह क्षेत्रीय भाषाओं को सीखने को बढ़ावा देती है। B). इसमें एक सार्वभौमिक वैज्ञानिक नाम दिया जाता है। C). यह सबसे सामान्य स्थानीय नाम का उपयोग करती है। D). यह नामों का स्थानीय भाषाओं में अनुवाद करती है।

Correct Answer: B

Q.70 एक 60-वाट का बल्ब 2 सेकंड के लिए चालू रहता है। इस संदर्भ में 'वाट (watt)' क्या दर्शाता है?

Ans A). बल्ब द्वारा ऊर्जा उपयोग की दर B). बल्ब की द्युति C). बल्ब द्वारा उपयोग की गई कुल ऊर्जा D). बल्ब के लिए आवश्यक वोल्टता

Correct Answer: A

Q.71 कौन-सा पृष्ठ, अपने ऐल्बिडो के आधार पर सबसे अधिक सौर विकिरण को परावर्तित करेगी?

Ans A). गहरे रंग की डामर वाली सड़क B). रेतीला समुद्र-तट C). हिम आच्छादित मैदान D). घासस्थल

Correct Answer: C

Q.72 दो समांतर, सीधे तारों में बराबर विद्युत धारा परस्पर विपरीत दिशाओं में प्रवाहित हो रही है। यदि किसी बिंदु पर दोनों तारों द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र का परिमाण बराबर तथा दिशा विपरीत हों, तो उस बिंदु पर परिणामी चुंबकीय क्षेत्र क्या होगा?

Ans A). अपरिवर्तित B). मूल क्षेत्र का आधा C). शून्य D). दोगुना

Correct Answer: C

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका, खाद्य पदार्थों में विकृतगंधिता को रोकने में सहायक है?

Ans A). खाद्य को वायुरोधी पात्रों में रखना B). नमी वाले स्थानों में भोजन का संग्रहण करना C). खाद्य में जल मिलाना D). खाद्य को सूर्य के प्रकाश में रखना

Correct Answer: A

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन यह स्पष्ट करता है, कि सोने जैसी धातुएं प्रकृति में मुक्त अवस्था में क्यों पाई जाती हैं, जबकि सोडियम जैसी धातुएं मुक्त अवस्था में नहीं पाई जाती हैं?

Ans A). सोना कम अभिक्रियाशील होता है और अन्य तत्वों के साथ आसानी से संयोजित नहीं होता है B). सोने का घनत्व अधिकांश धातुओं की तुलना में उच्च होता है C). सोना अन्य धातुओं की तुलना में निम्न तापमान पर पिघलता है D). सोना मृदु होता है और इसलिए शुद्ध रूप में पाया जाता है

Correct Answer: A

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, परमाणु की संरचना में न्यूट्रॉन का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). न्यूट्रॉन, परमाणु के नाभिक में पाया जाने वाला एक उदासीन कण होता है। B). न्यूट्रॉन, नाभिक में स्थित एक धनावेशित कण होता है। C). न्यूट्रॉन, नाभिक की परिक्रमा करने वाला एक ऋणावेशित कण होता है। D). न्यूट्रॉन, नाभिक की परिक्रमा करने वाला एक उदासीन कण होता है।

Correct Answer: A

Q.76 किस प्रकार का जंतु ऊतक, मुख्य रूप से अन्य ऊतकों या अंगों को सहारा देने, जोड़ने या पृथक करने का कार्य करता है?

Ans A). संयोजी ऊतक B). पेशीय ऊतक C). उपकला ऊतक D). तंत्रिका ऊतक

Correct Answer: A

Q.77 जब आप किसी बस में खड़े होते हैं तथा वह अचानक आगे चलने लगती है, तो आप पीछे की ओर गिरने लगते हैं। इसका क्या कारण है?

Ans A). क्योंकि आपके शरीर का ऊपरी हिस्सा गति का प्रतिरोध नहीं करता। B). क्योंकि आपके शरीर का ऊपरी हिस्सा जड़त्व के कारण गति का प्रतिरोध करता है। C). आपके जूतों और बस के फर्श के बीच घर्षण के कारण। D). क्योंकि आपका शरीर बस की गति से तेज़ चलने का प्रयास करता है।

Correct Answer: B

Q.78 यदि किसी उत्तल लेंस का आवर्धन +1 है, तो निर्मित प्रतिबिंब की प्रकृति क्या होगी?

Ans A). आभासी, आवर्धित, लेंस की दिशा में B). वास्तविक, आवर्धित, लेंस की विपरीत दिशा में C). आभासी, समान साइज़ का, लेंस की दिशा में D). वास्तविक, समान साइज़ का, लेंस की विपरीत दिशा में

Correct Answer: C

Q.79 जब कोई परमाणु एक इलेक्ट्रॉन त्यागकर धनायन बनता है, तो परमाणु त्रिज्या पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans A). परमाणु त्रिज्या बढ़ जाती है B). परमाणु त्रिज्या घट जाती है C). परमाणु त्रिज्या समान ही रहती है D). परमाणु त्रिज्या शून्य हो जाती है

Correct Answer: B

Q.80 ऑक्सी श्वसन मुख्यत: _____ में होता है।

Ans A). रिक्तिका (Vacuole) B). केंद्रक (Nucleus) C). माइटोकॉन्ड्रिया (Mitochondria) D). राइबोसोम (Ribosome)

Correct Answer: C

Q.81 वस्तु की गति के सापेक्ष प्रयुक्त बल की दिशा, किए गए कार्य की मात्रा को किस प्रकार प्रभावित करती है?

Ans A). कार्य केवल प्रयुक्त किए गए बल की मात्रा पर निर्भर करता है, न कि उसकी दिशा पर B). जब बल, गति की ही दिशा में प्रयुक्त किया जाता है, तो कार्य अधिकतम होता है C). जब बल, गति की दिशा के लंबवत प्रयुक्त किया जाता है, तो कार्य अधिकतम होता है D). यदि वस्तु, बल की ही दिशा में गति करती है, तो कार्य सदैव शून्य होता है

Correct Answer: B

Q.82 प्रकाश संश्लेषण के उत्पादों को पर्णों से पादप के अन्य भागों तक ले जाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सा पादप ऊतक उत्तरदायी होता है?

Ans A). बाह्यत्वचा B). जाइलम C). वल्कुट D). फ्लोएम

Correct Answer: D

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-सा, निलंबन का एक गुणधर्म है?

Ans A). इसके कण फिल्टर पेपर से आसानी से गुजर जाते हैं B). इसके कण प्रकाश को प्रकीर्णित करते हैं और नग्न नेत्रों से दिखाई देते हैं

C). इसके कण कुछ समय बाद भी नीचे नहीं बैठते हैं D). यह मिश्रण पूरी तरह से समांगी और एकसमान होता है

Correct Answer: B

Q.84 किसी शहर में तालाब, घासस्थल और पेड़ों को हटाकर एक पार्क बनाने की योजना है, जिसमें खेलने के उपकरण, झाड़ियाँ और कृत्रिम पथ होंगे। निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम, स्थानिक पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने वाले प्रभाव को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

Ans A). पर्यावास की हानि की भरपाई करने वाले पादपों की विविधता में वृद्धि B). जलीय पर्यावास का नुकसान जिससे क्षेत्र में जैव विविधता कम होती है

C). क्षेत्र से सभी जंतु प्रजातियों का पूर्ण उन्मूलन D). मानवीय गतिविधियों के कारण पारिस्थितिक संतुलन में सुधार

Correct Answer: B

Q.85 रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल के अनुसार, परमाणु का अधिकांश द्रव्यमान और धनात्मक आवेश कहाँ संकेन्द्रित होता है?

Ans A). केंद्र में एक लघु, सघन नाभिक में B). संपूर्ण परमाणु में फैला हुआ C). नाभिक के चारों ओर इलेक्ट्रॉन अभ्र में D). रिक्त अंतराल में समान रूप से वितरित

Correct Answer: A

Q.86 यदि कोई वैज्ञानिक एक मुद्रित लेख में तिरछे (italics) अक्षरों का उपयोग किए बिना किसी प्रजाति का नाम Panthera leo (पैंथेरा लियो) के रूप में लिख रहा है, तो वैज्ञानिक नामकरण के किस नियम का उल्लंघन हो रहा है?

Ans A). जाति के बाद वंश आता है B). जाति का नाम बड़े (capital) अक्षरों में है C). वंश छोटे (lowercase) अक्षरों में है D). नाम तिरछे (italics) अक्षरों में नहीं है

Correct Answer: D

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा, नर जनन तंत्र का एक कार्य नहीं है?

Ans A). टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का उत्पादन B). शुक्राणु कोशिकाओं का परिवहन C). शुक्राणु कोशिकाओं का उत्पादन D). संतान के लिए दुग्ध का स्राव

Correct Answer: D

Q.88 दो परिपथों के वोल्टता स्रोत समान है। पहले परिपथ में धारा I_1 तथा प्रतिरोध R है, जबकि दूसरे परिपथ में धारा I_2 तथा पहले परिपथ के प्रतिरोध का दोगुना प्रतिरोध है। दोनों परिपथों में धारा (I_1/I_2) का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 B). 1/4 C). 1 D). 1/2

Correct Answer: A

Q.89 एक विद्यार्थी सामान्य प्रयोगशाला रसायनों का उपयोग करके संयोजन अभिक्रिया को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रयोग डिजाइन करना चाहता है। सुरक्षा और स्पष्ट अवलोकन सुनिश्चित करते हुए, निम्नलिखित में से कौन-सा सेटअप इस उद्देश्य को सर्वोत्तम रूप से पूर्ण करता है?

Ans A). कैल्शियम कार्बोनेट में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिलाना और उससे उत्पन्न होने वाली गैस को एकत्र करना

B). सिल्वर नाइट्रेट विलयन के साथ सोडियम क्लोराइड विलयन को मिलाना और सफेद अवक्षेप का अवलोकन करना

C). लोहे के बुरादे को सल्फर पाउडर के साथ मिलाना और उन्हें टेस्ट ट्यूब में तब तक गर्म करना जब तक कि काला ठोस न बन जाए

D). लेड(II) नाइट्रेट विलयन को पोटैशियम आयोडाइड विलयन के साथ मिलाना और पीले रंग के ठोस का अवलोकन करना

Correct Answer: C

Q.90 एकसमान त्वरण से गतिमान वस्तु के लिए वेग-समय ग्राफ की प्रवणता क्या दर्शाती है?

Ans A). वस्तु द्वारा तय की गई कुल दूरी B). वस्तु की अंतिम स्थिति C). वस्तु की प्रारंभिक स्थिति D). वस्तु का त्वरण

Correct Answer: D

Section : **General Awareness**

Q.91 सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा फरवरी 2026 में जारी "आधार वर्ष 2022–23 के साथ GDP अनुमानों की नई श्रृंखला पर प्रेस विज्ञप्ति" के अनुसार, FY 2025–26 के लिए भारत की वास्तविक GDP वृद्धि का कितना अनुमान लगाया गया था?

Ans A). 7.1% B). 7.6% C). 7.4% D). 8.6%

Correct Answer: B

Q.92 मई 2026 में, जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने भारत के तीसरे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के रूप में पदभार ग्रहण किया, उन्होंने किसका स्थान लिया?

Ans A). जनरल बिपिन रावत B). जनरल उपेंद्र द्विवेदी C). जनरल मनोज पांडे D). जनरल अनिल चौहान

Correct Answer: D

Q.93 अक्टूबर 2025 में किस राज्य ने बाल संरक्षण और डिजिटल सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से दो प्रमुख साइबर पहलों के साथ 'बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर घोषणा पत्र (Declaration on Online Safety of Children)' जारी किया है?

Ans A). केरल B). तमिलनाडु C). राजस्थान D). पश्चिम बंगाल

Correct Answer: A

Q.94 निम्नलिखित में से किसे भारत के सॉलिसिटर जनरल (Solicitor General of India) के रूप में पुन: नियुक्त किया गया था, जिनकी नियुक्ति 1 जुलाई 2026 से प्रभावी हुई?

Ans A). आर. वेंकटरमणी B). के. एम. नटराज C). विक्रमजीत बनर्जी D). तुषार मेहता

Correct Answer: D

Q.95 जून 2026 में, DRDO के मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (BMD) सिस्टम के सफल प्रदर्शन ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया जो _____ को इंटरसेप्ट करने में सक्षम हैं।

Ans A). अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (ICBMs) B). पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलों (SLBMs) C). मध्यम-दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों (MRBMs) D). लघु-दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों (SRBMs)

Correct Answer: A

Q.96 1 नवंबर, 2025 को निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य आधिकारिक रूप से "अत्यधिक गरीबी-मुक्त" घोषित होने वाला पहला राज्य बना?

Ans A). हिमाचल प्रदेश B). केरल C). कर्नाटक D). तमिलनाडु

Correct Answer: B

Q.97 अप्रैल 2026 में, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) ने किस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए भव्य (BHAVYA) योजना शुरू की?

Ans A). तटीय आर्थिक क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा देना B). पूरे भारत में विश्व-स्तरीय प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क स्थापित करना C). सार्वजनिक क्षेत्र की विनिर्माण इकाइयों को आधुनिक बनाना D). सूक्ष्म उद्यमों के लिए औद्योगिक ऋण को सशक्त करना

Correct Answer: B

Q.98 उपभोक्ता मामले विभाग के निम्नलिखित में से किस डिजिटल प्लेटफॉर्म को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार (NAeG) 2026 में, डिजिटल परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा सरकारी प्रक्रिया पुनर्गठन श्रेणी-I के अंतर्गत रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans A). ई-दाखिल (e-Daakhil) B). ई-निवारण (e-Nivaran) C). ई-जागृति (e-Jagriti) D). ई-समाधान (e-Samadhan)

Correct Answer: C

Q.99 भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित अभ्यास वायुशक्ति (Vayushakti) 2026 ने किस फील्ड फायरिंग रेंज में अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन किया?

Ans A). बबीना फील्ड फायरिंग रेंज B). पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज C). महाजन फील्ड फायरिंग रेंज D). चंदन फील्ड फायरिंग रेंज

Correct Answer: B

Q.100 भारतीय वायु सेना द्वारा फरवरी 2026 में आयोजित उच्च-गति वाले संयुक्त समुद्री अभ्यास कलारी लीप (Kalari Leap) का आयोजन निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में किया गया था?

Ans A). सुंदरवन डेल्टा क्षेत्र B). कच्छ की खाड़ी तटरेखा C). अंडमान और निकोबार द्वीप समूह D). लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप समूह

Correct Answer: D

"